हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025

11 डीएवी पुलिस स्कूल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हुआ यज्ञ



12 मिल्क चिलिंग सेंटर पर सीएम फ्लाइंग की छापा ...



## खबर संक्षेप

### बेटियों व पुत्रवधु ने दिया पार्थिव शरीर को कंधा

**फतेहाबाद।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख संत गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां द्वारा दी जा रही शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए बेटा बेटी एक समान मुहिम को सार्थक करते हुए अंतिम यात्रा को बेटी पुत्रवधू ने कंधा दिया। मिली जानकारी के अनुसार डेरा प्रेमी ओम प्रकाश असीजा निवासी राजीव गांधी पार्क के सामने, फतेहाबाद अपनी संसारिक यात्रा पूरी करके स्वर्ग सिधार गए।

### समाधान शिविर में 26 शिकायतें हुई प्राप्त

**सिरसा।** आमजन को समस्या के त्वरित समाधान के लिए शुरू किए गए समाधान शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में जिला राजस्व अधिकारी संजय बिश्नोई ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के प्रति संबंधित विभाग जवाबदेह है और समयबद्ध ढंग से समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए। वीरवार को समाधान शिविरों में कुल 26 शिकायतें आई।

### डेरा श्योराम दास में दो दिवसीय कार्यक्रम

**सिरसा।** श्री बाबा जीतराम दास जी की पुण्यतिथि पर बीती 9-10 जुलाई को डबवाली रोड स्थित डेरा श्योराम दास में वार्षिक भंडारा व सत्संग आयोजित किया गया। मुख्य सेवक बाबा हरपाल दास ने बताया कि बीती 9 जुलाई, को सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें गोहाना से भजन गायक समुंदर दास ने अपनी मधुर वाणी से रातभर भजनों का गुणगान कर श्रद्धालुओं को रिझाया। बीती10 जुलाई को हवन यज्ञ किया गया।

### जेल में लगाया कानूनी जागरूकता शिविर

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीरवार को जिला जेल में ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन (ड्रग फ्री इंडिया के लिए) योजना पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्रधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि एलएडीसी डिप्टी कंवरजीत सिंह, एसीसटेंट देवेंद्र कौर ने जेल कैदियों को इस योजना के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशीली दवाओं का दुरूप्योग एक सामाजिक बीमारी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 12 जुलाई को सिरसा व उपमंडल ऐलनाबाद एवं डबवाली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने आह्वान किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए और इसमें अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करवाने के लिए सभी को बढ़ चढकर भाग लेना चाहिए।

### बच्चों की जांच का मुफ्त कैंप आज से

**सिरसा।** संजीवनी अस्पताल में बच्चों की जांच का निशुल्क कैंप आगामी 11 व 12 जुलाई को लगाया जाएगा, जिसमें बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजनी अग्रवाल बच्चों की जांच करेंगे। इस दौरान बुखार, खांसी, मिर्गी दौरे व सीरियस बीमारियों का इलाज इत्यादि के रोगियों को निःशुल्क परामर्श देकर उपचार करेंगे। मार्केटिंग मैनेजर प्रदीप बूरा ने कैंप सुबह 10 से लेकर 2 बजे तक संजीवनी अस्पताल में लगाया जाएगा।

# हरियाली अमावस्या 24 को, गुरु पुष्य, सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग का बन रहा शुभ संयोग, पितरों का तर्पण और पिंडदान करना शुभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हिंदू धर्म में हरियाली अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन बड़ी संख्या में भक्त पवित्र नदी में स्नान करने के बाद दान करते हैं। सावन माह की अमावस्या को हरियाली अमावस्या कहा जाता है। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है। ऐसे में हरियाली अमावस्या पर भगवान शिव का जलाभिषेक करना अत्यंत शुभ व लाभकारी माना गया है। मान्यता है कि इस दिन पितरों का तर्पण व पिंडदान करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इसके अलावा इस दिन पेड़-पौधे लगाने का विशेष महत्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार हरियाली अमावस्या 24 जुलाई को सुबह 02 बजकर 28 मिनट पर प्रारंभ होगी और 25 जुलाई को सुबह 12 बजकर 40 मिनट पर समाप्त होगी। हरियाली अमावस्या 24 जुलाई 2025, वीरवार को मनाई जाएगी।

## भगवान शिव का जलाभिषेक करना शुभ, पेड़-पौधे लगाने का विशेष महत्व

**स्नान दान का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:15 से 4:57 तक रहेगा**



शहर के प्रमुख ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार इस बार हरियाली अमावस्या पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इस साल हरियाली अमावस्या पर गुरु पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग व अमृत सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र में यह सभी योग अत्यंत शुभ व फलदायी माने गए हैं। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि हरियाली अमावस्या पर स्नान दान का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:15 से सुबह 4:57 तक रहेगा। अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजे से दोपहर 12 बजकर 55 मिनट तक रहेगा। अमृत काल दोपहर 2 बजकर 26 मिनट से दोपहर 3 बजकर 58 मिनट तक रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग पूरे दिन रहेगा। गुरु पुष्य योग व अमृत सिद्धि योग शाम 4:43 से पूरे दिन रहेगा। हरियाली अमावस्या सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन मनाई जाती है। हरियाली अमावस्या का इंतजार साल भर रहता है, क्योंकि यह पौधे लगाने का सबसे अच्छा समय माना जाता है। इस समय बारिश के कारण पूरी धरती पर खूब हरियाली होती है।



### भगवान शिव व विष्णु की पूजा से होगी विशेष फल की प्राप्ति

हरियाली अमावस्या के दिन स्नान-दान के साथ भगवान शिव और विष्णु जी की पूजा करने से विशेष फलों की प्राप्ति होगी। सावन अमावस्या के दिन भगवान शिव और मां पार्वती की विधिवत पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होगी। इस दिन शिवलिंग में गंगाजल, जल, दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा, शमी पत्र, आक का फूल, भस्म, कनेर का फूल आदि चढ़ाने के साथ मौसमी फल के साथ भोग लगाएं। इसके बाद घी का दीपक और अगरबत्ती जलाकर शिव चालीसा, शिव मंत्र के बाद शिव आरती कर लें। इसके साथ ही इस दिन रुद्राभिषेक के साथ हनुमान जी की पूजा करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है।

### अमावस्या का दिन पूर्वजों को समर्पित

अमावस्या का दिन पूर्वजों को समर्पित है। हरियाली अमावस्या के दिन पितरों को तर्पण देना और दान-पुण्य करना भी बहुत उपयोगी होता है। पितरों को तर्पण और पिंडदान करना शुभ माना जाता है क्योंकि अमावस्या पर्व पितरों की प्रसन्नता के लिए विशेष अवसर माना जाता है। हरियाली अमावस्या के दिन पेड़-पौधे लगाने से कई गुना अधिक शुभ फलों की प्राप्ति होती है, इसलिए इस दिन शमी, आम, पीपल, बरगद, नीम जैसे छायादार पेड़ों को लगाना चाहिए।

## चिल्ली झील का सौन्दर्यीकरण जैसे विकास कार्यों को भूली नप

# कम्यूनिटी सेंटर, गलियों के निर्माण कार्यों पर लग गई ब्रेक

### सफाई, गंदे पानी की निकासी के लिए दर-दर भटक रहे हैं शहरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद नगरपरिषद के चुनाव को तीन साल बीत जाने के बाद भी शहर में कोई विकास कार्य नहीं हो पाया। नगरपरिषद में आपसी राजनीतिक लड़ाई के चलते किसी भी अधिकारी व चुने हुए प्रतिनिधि का विकास कार्यों के प्रति कोई रूचि नहीं है। ऐसा नहीं है कि नगरपरिषद वित्तीय संकट से जूझ रही हो, फतेहाबाद नगरपरिषद के खाते इस समय पैसों से भरे पड़े हैं। शहर के 18 बैंकों में नगरपरिषद की 70 करोड़ से अधिक की धनराशि ब्याज पर पड़ी है। शहरवासी सफाई, गलियों के निर्माण, गंदे पानी की निकासी के लिए दर-दर भटक रहे हैं लेकिन लोगों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो रहा। यहां तक कि नगरपरिषद के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट चिल्ली झील का सौन्दर्यीकरण, मिनी बाईपास पर साइकलिंग ट्रेक का निर्माण, संस्कृति मॉडल स्कूल की गली, आजाद नगर में कम्युनिटी सेंटर, शहर की कई वार्डों में नई गलियों के निर्माण जैसे कार्यों पर ब्रेक लगी हुई है। नगरपरिषद के प्रधान व उपप्रधान में आपसी राजनीतिक द्वेषता के चलते शहर में एक भी विकास कार्य सिरे नहीं चढ़ सका जबकि नगरपरिषद के बैंक खाते में इस समय 70 करोड़ से भी ज्यादा का खजाना भरा पड़ा है। आरोप तो यह भी है कि यहां 'बड़े से लेकर छोटे' सब अपने कमीशन के चक्कर में है। कोई भी शहर के विकास कार्य के लिए एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा रहा। दरअसल पार्षद से लेकर अधिकारी तक सभी इस समय 'स्वाद' ले रहे हैं। अब नया क्लेश यह आया है कि मिनी बाईपास पर प्रस्तावित साइकिलिंग ट्रेक, आजाद नगर में कम्यूनिटी सेंटर, चिल्ली झील का सौंदर्यकरण सहित शहर की कई चाड़ों में नई गलियों के निर्माण के प्रस्तावों को प्रधान राजेन्द्र खिची द्वारा स्वीकृति देने के बावजूद इन्हें अमलीजामा नहीं पहनाया जा रहा। खास बात यह है कि पिछले दिनों डीएमसी संजय बिश्नोई ने करोड़ों रुपये के 45 विकास कार्यों को करवाने की स्वीकृति दी थी लेकिन उनमें यह काम शामिल नहीं है। बता दें कि चिल्ली में शहर का सारा बरसाती पानी समा जाता है। अब चिल्ली झील में सफाई न होने से यहां बड़े-बड़े लोगों ने चिल्ली के चारों ओर कब्जा कर लिया है। कभी सैंकड़ों एकड़ में फैली चिल्ली आज कुछ कनालों मे सिमट कर रह गई है।



फतेहाबाद। शहर का लाल बत्ती चौक। *फोटो: हरिभूमि*

#### प्रधान-उपप्रधान की लड़ाई में पिस रहे शहरवासी

जब चुनाव हुए थे तो यहां विधायक के बाद राजेन्द्र खिची भी भाजपा समर्थन से प्रधान बने थे। तब लोगों को आस जगी थी कि शहर में खूब विकास कार्य होंगे लेकिन प्रधान राजेन्द्र खिची व उपप्रधान सविता टुटेजा के आपसी इगो-क्लेश ही चलता आ रहा है। सालों से दोनों एक-दूसरे को नीचा दिखाने में जुटे हुए हैं। रहे। मामला चाहे कार्यालय का हो, या किसी काम का श्रेय लेने का। सामाजिक संस्था ने पार्षदों, प्रधान व उपप्रधान की सद्बुद्धि के लिए हवन भी करवाया था लेकिन उसके बावजूद हालात नहीं सुधरे। पार्षद तब अपने कामों को करवाने के लिए धरना लगाने को मजबूर हैं। नगरपरिषद ने शहर के सौंदर्यकरण के लिए चिल्लो झील का नक्शा पास किया। मिनी बाईपास पर साइकिलिंग के लिए ट्रैक बनाने, संस्कृति मॉडल स्कूल की गली, आजाद नगर में कम्युनिटी सेंटर, शहर की कई वार्डों में नई गलियों के निर्माण के लिए बैठक में प्रस्ताव पास किए गए लेकिन इनमें से कोई भी काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।

# क्रिकेट सट्टेबाजों पर पुलिस का शिकंजा

- लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी मिट्ठू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

क्रिकेट सट्टेबाजी के नाम पर लोगों को जाल में फंसाकर उनसे लाखों रुपये ठगने के मामले में सीआईए फतेहाबाद पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने इस मामले में चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजीव उर्फ मिट्ठू पुत्र पवन कुमार निवासी शिव चौक, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों साहिल सोनी पुत्र जय सिंह सोनी, भूषण नागपाल और अमित गिल्होत्रा को गिरफ्तार कर चुकी है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र ने बताया कि इस संबंध में 11 जून को भ_I कॉलोनी निवासी महिला नीरू बाला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार महिला के पति मुकेश कुमार, जो फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास मनी ट्रांसफर की दुकान चलाते हैं, को आरोपी भूषण नागपाल, अमित गिल्होत्रा, राजन ग्रोवर और साहिल सोनी ने सट्टेबाजी की लत में फंसा दिया। महिला ने बताया कि आरोपी युवक प्रतिदिन शाम को उसके पति की दुकान पर बैठकर शराब पीते थे और क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाते थे। एक सोची-समझी साजिश के तहत उन्होंने मुकेश को अत्यधिक शराब पिलाकर बड़ी रकम दांव पर लगाने के लिए उकसाया। आरोपियों ने अपनी मोबाइल सट्टा आईडी मुकेश को दी, जिसके माध्यम से उसने लगभग 15 लाख रुपये सट्टे में गंवा दिए और अब भारी कर्ज में डूब चुका है।



फतेहाबाद। क्रिकेट सट्टेबाजी के नाम पर धोखाधड़ी का गिरफ्तार आरोपी।

# नशे पर प्रहार, नशीली गोलियों की खेप बरामद



सिरसा। मौके पर कार्रवाई करती पुलिस व औषधि विभाग की टीम।

- डबवाली में घर से चलाया जा रहा था अवैध कारोबार, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

पुलिस ने मेडिकल नशा बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में नशीली गोलियों की खेप पकड़ी है। पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी डबवाली सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी साहिल से करीब 13 हजार नशीली गोलियां, कैप्सूल व प्रतिबंधित दवा कोरेक्स की 45 शीशियां बरामद की है। बताया जा रहा है कि घर से ही यह गोरखधंधा चलाया जा रहा था। सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा पंजाब की सीमा से सटे डबवाली को नशा मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा विभिन्न प्रकार का नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने अब मेडिकल नशा बेचने वालों को रडार पर लिया है। इसी कड़ी में एएनसी स्टाफ डबवाली ने औषधि नियंत्रक अधिकारी को साथ लेकर प्रेम नगर मंडी डबवाली से नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं। सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंडी डबवाली में एक घर पर दबिश दी और नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियों की खेप पकड़ी। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा निरंतर मेडिकल एसोसिएशन एवं दवा विक्रेताओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें पुलिस का सहयोग करने को कहा जा रहा है ताकि दवा विक्रेता नशीली गोलियों को बिना किसी डाक्टरी सलाह एवं पर्ची के किसी को भी न दें।

### नशीली गोलियां बरामदगी के मामले में मुख्य सप्लायर काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़े चौथे मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनदीप पुत्र मिश्री निवासी सावित्री नगर, पटियाला चौक, जिला जींद के रूप में हुई है। इससे पहले इसी प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। सीआईए टोहाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि 15 मई को पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्त है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भाखड़ा नहर पुल, गांव दमकौरा के निकट नाकाबंदी कर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान राकेश उर्फ काला पुत्र ज्ञान चंद, निवासी वार्ड नंबर 12, मूनक, पंजाब को मौके पर गिरफ्तार किया गया। उसकी तलाशी के दौरान 1800 एलप्राजोलम टैबलेट्स बरामद हुई, जिन्हें वह बिना वैध लाइसेंस के अवैध रूप से बेचने की फिराक में था। जांच के दौरान आरोपी राकेश की पूछताछ के आधार पर पुलिस ने अब उसी नेटवर्क से जुड़े एक और सप्लायर मनदीप को भी काबू कर लिया है। इस मामले में थाना शहर टोहाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

### स्वामी नगर में फायरिंग का मामला, दो काबू

**फतेहाबाद।** जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश पुत्र रमेश कुमार और हरप्रीत कुमार उर्फ पीटू पुत्र सेवक राम निवासी स्वामी नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी राजेश के खिलाफ अब तक 11 आपराधिक मामले दर्ज है। विभिन्न धाराओं के अलावा आम्र्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था।

## राजस्थान से गांजा के मुख्य सप्लायर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने चार किलो 100 ग्राम गांजा पकड़े जाने के मामले में आगे कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहन लाल पुत्र रूपराम निवासी गांव कालवास, थाना साहा, जिला चुरु, राजस्थान के रूप में हुई है। भट्टूकलां थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि 23 मई को एवीटी स्टाफ फतेहाबाद की टीम एएसआई सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी। जब टीम गांव बोदीवाली से डिंग मंडी रोड की ओर जा रही थी, तो रास्ते में एक व्यक्ति सडक किनारे हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह घबरा गया और खेतों की ओर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे मौके पर काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान सुधीर पुत्र हरि सिंह निवासी बोदीवाली के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से प्लास्टिक के कट्टे में 4 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना भट्टूकलां में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस पूछताछ के दौरान सुधीर ने गांजा सप्लाई करने वाले असली सप्लायर का नाम मोहन लाल बताया। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी सहायक उप-निरीक्षक कैलाश चंद ने टीम सहित गांव कालवास (राजस्थान) से आरोपी मोहन लाल को गिरफ्तार कर लिया है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में राजस्थान से पकड़ा गया गांजा सप्लायर।

## जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने सुनीं समस्याएं

# नप की एमबी गुम होने पर अधिकारियो पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

- जनसुनवाई में 16 मामलों में से 9 का हुआ मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि शासन और प्रशासन की कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार का अनुचित हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। जनता को उनके न्यायसंगत हक के लिए संघर्ष न करना पड़े। कैबिनेट मंत्री वीरवार को स्थानीय डीपीआरसी भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। इस बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 16 जनपरिवाद प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 9 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया जबकि शेष 7 मामलों में विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। मीटिंग मे जिले के किसी विधायक सांसद नें भाग नहीं लिया।



**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर उपायुक्त मनदीप कौर, एसपी सिद्धांत जैन, एडीसी अनुराग ढालिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खिचड़, एसडीएम राजेश कुमार, प्रतीक हुड्डा, सुरेश कुमार, जिप सीईओ सुरेश कुमार, नगराधीश गौरव गुप्ता, डीडीपीओ अनूप सिंह, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, टेकचंद मिढ्डा, मंदीप योगी, पूनम सिंगला, रमन मडिया आदि मौजूद रहे।

### टीचर की जमीन पर ससुर के हस्तशेप की शिकायत

बैठक में भारत नगर भिवानी निवासी पूजा गौड़ ने शिकायत रखी कि उसके पति की मई 2021 में मृत्यु हो गई थी और उसके मृत्यु के बाद उसके ससुर उनकी गांव हिजरावा कलां में खेती की जमीन पर काश्त करने में रुकावट पैदा कर रहे हैं और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस में की तो उनके ससुर के रिश्तेदार डीएसपी अनावश्यक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। इस पर कैबिनेट मंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि किसी के हक में दखल बर्दाश्त नहीं होगा। हक मांगने वाले को पीड़ित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि प्रार्थी के अधिकार सुरक्षित रखे जाएं, इसकी पूर्ण व्यवस्था पुलिस प्रशासन द्वारा होनी चाहिए।

### नगर परिषद अधिकारियों को नोटिस जारी

एक अन्य मामले टिब्बा कॉलोनी फतेहाबाद निवासी सुरेंद्र कुमार उर्फ सलीम ने अनुरोध किया कि वर्ष 2018 में प्रार्थी ने टोहाना नगर परिषद की 108 नंबर की एमवी पेज की प्रति लेने बारे आरटीआई के तहत आवेदन किया परन्तु नगर परिषद के पास एमबी का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। एमबी गुम है तो एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करनी चाहिए थी परन्तु नगर परिषद के अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि तत्कालीन कार्यकारी अधिकारियों से उनके कार्यकाल में गुम हुई एमबी बारे नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

### लाठी डंडो के पीटकर हत्या, जांच के आदेश

चिंदड़ निवासी नत्थु राम पुत्र मंसा ने शिकायत रखी कि रिश्ते में भांजे सीता राम पुत्र प्रताप गंभीर बीमार था। सीता राम के लड़के संदीप को आरोपियों ने लाठी डंडों से पीटकर 15 अगस्त 2024 को मॉडल टाउन फतेहाबाद में मार डाला। इस एफआईआर में पुलिस मुख्य आरोपी को ट्रैस नहीं कर रही है। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए एसपी को पुनः जांच करने के आदेश देते हुए कहा कि प्रार्थी की संतुष्टि की जाए। कोई भी दोषी बचना नहीं चाहिए।

### मंत्री, डीसी के चरणों मे बैठ व्यथा सुनाती टीचर



करीब छह महीने बाद हुई ग्रीवेंस कमिटी की बैठक हुई। बैठक में भिवानी निवासी पूजा गौड़ जब अपनी शिकायत बताने लगी तो मंत्री ने उन्हें मंच पर ही बुला लिया। लेकिन महिलाओं के प्रति असंवेदनशीलता देखने को मिली कि किसी अधिकारी या भाजपा नेता ने उन्हें कुर्सी तक देना मुनासिब नहीं समझा। महिला अध्यापिका पूजा गौड़ मंत्री श्रुति चौधरी को अपनी शिकायत घुटनों के बल मंच पर बैठकर अपनी शिकायत बताती रही।

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।



सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

## समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।


## करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

## प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





## जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

## याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

# समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।



जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब :** लिलिपुट कहानियां, **लेखक :** समीर गांगुली,
**मूल्य :** 280 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

# परेशानी में मत घबराना

चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चों को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'




'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



# मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-160 का उत्तर :** 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल

## रंग भरो 180

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अंकित, धमतरी


वसनि, रायपुर


भव्या, बिलासपुर


तन्मय, दुर्ग


डॉली, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा


तेजस, रायपुर

**खबर संक्षेप**

### स्नैचिंग के मामले में दूसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** स्नैचिंग के एक मामले में सदर टोहाना पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान जितेंद्र उर्फ काकू पुत्र बलवान सिंह निवासी सनियाना के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में रितिक पुत्र भानीराम निवासी उकलाना, जिला हिसार को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक शादीराम ने बताया कि यह मामला विनोद कुमार पुत्र रामेश्वर दास निवासी गांव ठरवा की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 25 जून को शिकायतकर्ता की माता कृष्णा देवी दोपहर लगभग 2 से 3 बजे के बीच पड़ोस से शोक व्यक्त कर लौट रही थीं।

### दुकान में बेचता था हेरोइन, गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस ने बीघड़ रोड स्थित काठ मंडी क्षेत्र से हेरोइन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही थी। भुना रोड, फतेहाबाद पर टीम को सूचना प्राप्त हुई कि धर्मपाल पुत्र हरचंद निवासी वार्ड नं. 13, काठ मंडी, फतेहाबाद परचून की दुकान में अवैध रूप से हेरोइन बेचने का कार्य करता है।

### वैश्विक शांति, समृद्धि व सद्गुणों के साथ विश्व के कल्याण की कामना की

# डीएवी पुलिस स्कूल फतेहाबाद में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हुआ वैदिक यज्ञ का आयोजन

- विद्यार्थियों ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती जी को समर्पित गुरु वंदना कीसामूहिक प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस स्कूल में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर वैदिक परंपराओं के अनुरूप वैदिक यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर आध्यात्मिक वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

यज्ञ में आचार्य राम बिलास शास्त्री के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए प्राचार्या अमिता सिंह सहित सभी विद्यार्थियों ने वैश्विक शांति, समृद्धि व सद्गुणों के साथ विश्व के कल्याण की कामना की। विद्यालय प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को महर्षि वेद व्यास व तथागत महामानव भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश व जैन धर्म की मान्यताओं के बारे ने जानकारी देकर गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु जीवन की दिशा तय करने वाले दीपस्तंभ होते हैं, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी निखरते हैं और हम आज जो कुछ भी हैं वो सबकुछ गुरुजनों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती जी को समर्पित गुरु वंदना की सुंदर एवं भावविभोर करने वाली सामूहिक प्रस्तुति दी।

यज्ञ के दौरान सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे और उन्होंने यज्ञ में आहुतियां देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। आज के इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैदिक संस्कृति के प्रति श्रद्धा, गुरु के प्रति सम्मान तथा भारतीय मूल्यों की भावना का विकास करना रहा।



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में वैदिक यज्ञ में भाग लेते प्राचार्या, विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### गांव मानावाली के जूना अखाड़ा में किया नमन



**फतेहाबाद।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता और हरियाणा एग्रो के चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा ने गांव मानावाली स्थित जूना अखाड़ा में पहुंचकर महंत राजेश गिरी महाराज को अपनी पत्नी सुमन मिढ़ा सहित नमन कर उनका आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु ही अपने शिष्य का मार्गदर्शन कर उन्हें जीवन के रास्ते में आगे बढने और मंजिल पाने के मार्ग की और प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि हमारा फर्ज बनता है कि हम अपने गुरुओं का सदैव मान सम्मान करें तथा उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलें। इस अवसर पर गांव के पूर्व सरपंच महेंद्र जाखड़, कुलदीप जाखड़, गौशाला प्रधान सुभाष लाठर, सतपाल नेहरा, सुरेश पंचारिया और राकेश गाबा सहित अनेक गांववासी उपस्थित थे।

### गुरु नानक इंटरनेशनल अकादमी रानियां में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**रानियां।** गुरु नानक इंटरनेशनल अकादमी में वीरवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने महर्षि वेदव्यास को नमन किया और अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने गुरु महिमा पर आधारित भजन और कविताएं प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भाषण भी दिए, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे गुरु हमें अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं तथा विद्यालय के बच्चों ने शिक्षकों को तिलक लगाकर गुरु वंदन किया। प्रधानाचार्या सलोनी डूमरा बजाज तथा उप प्रधानाचार्या गुरमीत कौर तथा विद्यालय प्रबंधक कमेटीके सदस्य श्याम बजाज, सुभाष बजाज, गुलशन बजाज तथा कर्ण बजाज ने अपने संबोधन में गुरु के महत्व को समझाया और कहा कि गुरु ही हमें सही मार्ग दिखाते हैं और जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों का सम्मान करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।



**सिरसा।** गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों से आशीर्वाद लेते विद्यार्थी।

### ऑनलाइन ठगी से घबराएं नहीं

# सतर्क रहें और तुरंत करें शिकायत : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को साइबर जागरूकता के प्रति सचेत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल भुगतान प्रणाली का प्रचलन अत्यधिक तेजी से बढ़ रहा है। चाहे वह वित्तीय लेन-देन, कॉलेज फीस का भुगतान हो या घरेलू बिलों का निपटान, आजकल अधिकतर कार्य ऑनलाइन माध्यम से ही संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जहां डिजिटल तकनीक ने हमारी दिनचर्या को सुविधाजनक बनाया है, वहीं साइबर अपराधों, विशेष रूप से ऑनलाइन ठगी और धोखाधड़ी के मामलों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। एसपी ने कहा कि कई बार नागरिकों को अचानक यह संदेश प्राप्त होता है कि उनके बैंक खाते से कोई राशि निकाली गई है, जबकि उन्होंने स्वयं ऐसा कोई लेन-देन नहीं किया होता। ऐसे में घबराने के बजाय सतर्कता, विवेक और त्वरित कार्यवाही ही सबसे प्रभावी उपाय हैं।

#### सावधानी के कुछ महत्वपूर्ण सुझाव

एसपी ने कहा कि कभी भी अपना ओटीपी, बैंक पासवर्ड, पिन अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। यदि आप किसी फर्जी कॉल या संदिग्ध लिंक के झांसे में आकर ओटीपी साझा करते हैं, तो उस लेन-देन की जिम्मेदारी बैंक नहीं लेता। किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर प्रतिक्रिया देने से पहले पूर्ण रूप से सतर्क रहें और ऐसी घटनाओं की तुरंत रिपोर्ट करें।

#### खाते से अनधिकृत रूप से राशि निकली है, तो क्या करें

एसपी ने नागरिकों को सुझाव देते हुए कहा कि यदि आपकी कोई गलती नहीं है और आपके खाते से किसी ने धोखे से राशि निकाली है, तो समय पर की गई शिकायत के आधार पर वह राशि आपको वापस मिल सकती है। इसके लिए सबसे पहले अपने बैंक को तुरंत सूचना दें, ताकि संदिग्ध लेन-देन को रोका जा सके और आवश्यक कार्रवाई की जा सके। निकटतम पुलिस थाना, साइबर थाना अथवा साइबर अपराध शाखा में लिखित शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# बीएलओ को प्रशिक्षण में चुनाव प्रक्रिया से जूड़े कानूनों की दी गई जानकारी

- रानियां विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



बूथ लेवल ऑफिसर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित। *फोटो : हरिभूमि*

रानियां विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) के लिए राजकीय महिला बहुतकनीकी कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 11 जुलाई तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन 50-50 बीएलओ के बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर एईआरओ कम तहसीलदार रानियां शुभम शर्मा भी मौजूद रहे। एईआरओ कम तहसीलदार रानियां शुभम शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को चार सत्रों में विभाजित किया गया है। पहले सत्र में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाती है। दूसरे सत्र में केस स्टडी के आधार पर रोल प्ले कराया जाता है। तीसरे सत्र में बीएलओ ऐप के प्रयोग की ट्रेनिंग दी जाती है, जबकि चौथे और अंतिम सत्र में प्रतिभागियों का असेसमेंट किया जाता है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को बूथ संख्या 101 से 150 तक के बीएलओ के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

इस दौरान बीएलओ द्वारा उठाई गई शंकाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संचालित करने में मास्टर ट्रेनर महेंद्र कुमार, प्रीतम सिंह, विजय कुमार, लखविंद्र सिंह तथा तकनीकी सहयोगी राजकुमार और हरविंदर सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम के इलेक्शन कानूनगो देवेंद्र सिंह, नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह व मेनपाल रहे। इसके अतिरिक्त विनोद कुमार, मनजीत व अन्य सदस्यों ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बीएलओ को उनकी भूमिका, तकनीकी कौशल और कानूनी जानकारी से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।



**भूना।** एसओपी को लेकर धरना देकर विरोध करते हैं कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### एसओपी नहीं आई तो 21 जुलाई को होगा प्रदर्शन : विद्युत कर्मचारी संघ

**भूना।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को सब डिवीजन भूना में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान धर्मबीर डोलिया ने की। मंच संचालन संजीव मैडल ने किया। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास ढिल्लो, जिला प्रधान राजेश कुमार, जिला सचिव बजिंद्र मैडल, संगठनकर्ता खुशवंत शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य बलजिंदर गिल और धर्मपाल सिंह मौजूद रहे। सभी ने अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने पूछा कि एसओपी कब जारी होगी। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि एसओपी का 99 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जल्द ही इसे जारी किया जाएगा। प्रदेश कार्यकारिणी ने फैसला लिया कि अगर कुछ दिनों में एसओपी जारी नहीं हुई तो 21 जुलाई को एमडी ऑफिस हिसार पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उसी समय हरियाणा सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन की घोषणा भी की जाएगी। सब डिवीजन प्रधान ने एलडब्लूएफ से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। सभी कर्मचारियों से 21 जुलाई को हिसार में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

# धर्म-कर्म करने की सुंदर घड़ी है ये चार मास यानि वर्षावास: स्वाति

- जब हम शास्त्र उठाते हैं तो शास्त्र में चातुर्मास नहीं बल्कि वर्षामास कहा गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां



**रानियां।** एसएस जैन सभा रानियां में प्रवचन देती साध्वी स्वाति महाराज व अन्य।

चातुर्मास के प्रथम दिन एसएस जैन सभा रानियां में महासाध्वी स्वाति महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए फरमाया कि आज का दिन बहुत हीं पावन और पवित्र है क्योंकि आज गुरु पूर्णिमा है और नवकार महामंत्र का जाप दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब हम शास्त्र उठाते हैं तो शास्त्र में चातुर्मास नहीं बल्कि वर्षामास कहा गया है।

चार मास में एक स्थान पर रुकना ही वर्षा वास है। उन्होंने कहा कि चार मास मिले हैं, अपने आप को देखने के लिए। जहां संत आते हैं उस क्षेत्र का पुण्य बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ये चार महीने हैं जप के, तप के, साधना के और ध्यान के। ये जो जीवन है बहुत मेहनत से मिला है। इस जीव ने प्रभु से कहा है कि मुझे एक बार इस मां की गर्भ से निकाल दें ऐसी साधना करूंगा कि जन्म-मरण से मुक्त हो जाऊंगा। स्वाति महाराज ने फरमाया कि गुरु ही हमें पाप से पुण्य की ओर ले जाते हे। गुरु ही हैं जो हमें अंधकार की ओर से हटाकर प्रकाश की ओर ले जाते हैं। जो गुरु सद्गुरु हैं वही गुरु हैं। गरिमा से जो मंडित है वही सच्चा सद्गुरु है।जो साधना में सलंग्न है और जो बाहर की चकाचौंध से दूर है वही सच्चा सद्गुरु है। इसी दौरान उन्होंने कहा कि कल से जैन रामायण जो पंडित

#### ये रहे उपस्थित

प्रवचन श्रवण दौरान एसएस जैन सभा के प्रधान बहादुर चंद जैन, महामंत्री सोमप्रकाश जैन, चंद्र , जगपाल, मोहन लाल जैन, सुरेंद्र जैन, विनोद जैन, विशु जैन, चंदना जैन, हर्ष जैन, अनिल जैन,आदिश जैन, साहिल जैन, योगेंद्र जैन, कालूराम मेहता, मुस्कान, प्रवीन, रवींद्र जैन, राजकुमार जैन, इंद्रजीत जैन, मुकेश जैन, जगरूप जैन, महिला प्रधान कांता जैन, सुरेश जैन, रीता जैन, सविना जैन, रितु जैन, सरोज जैन व सुलोचना जैन सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### इनेलो जिलाध्यक्ष ने घोषित की ऐलनाबाद कार्यकारिणी

**सिरसा।** इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर जस्सा ने ऐलनाबाद हलके की कार्यकारिणी घोषित की। इसमें हीरालाल को वरिष्ठ उपप्रधान बनाया गया जबकि सीताराम सहारण, हरपाल सिंह घणघस, राजपाल सहारण, हरिसिंह, रमन, सुभाष सरपंच, रोहताश पूनिया व रामस्वरूप बेनीवाल को उपप्रधान मनोनीत किया गया है। इसके अलावा सुभाष भाकर को प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं रंजीत, बालकृष्ण पारीक, ओमप्रकाश, जयदेव स्वामी, मदन बेनीवाल, लादूराम खिचड़, राजेंद्र हरडू, हरमीत सिंह, विनोद दूकिया को महासचिव पद दिया गया है। उधर दलबीर, राकेश, प्रमोद, सुभाष पूनिया, सुरेंद्र सहारण, निशान सिंह, रंजीत सिंह व सुभाष बावल को सचिव बनाया गया है। सोहनलाल सिहाग को संगठन सचिव, सतपाल सरपंच को कोषाध्यक्ष, त्रिलोक पलथानिया को प्रचार सचिव व मदन सिहाग को आईटी इंचार्ज बनाया गया है। इसके अलावा हंसराज, मनीराम, विक्रम गरवा, महेंद्र, नरेंद्र सिंह नीनू, नरेश अनेजा व मोहनलाल नंबरदार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन में 42 शिक्षक, 16 छात्र सम्मानित



**भूना।** भारत विकास परिषद् शाखा भूना के तत्वावधान में वीरवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह भव्य रूप से हुआ। मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य नरेश शर्मा रहे। अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष डॉ. दीपक बंसल ने की। मंच संचालन सचिव सुनील कंबोज ने किया। प्राचार्य शर्मा ने परिषद् की सेवा, संस्कार, समर्पण और समाजसेवा की कार्यशैली की सराहना की। स्कूल की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय संगठन सचिव जियालाल बंसल ने संस्था के प्रमुख प्रकल्पों जीवन रेखा और शहीद भगत सिंह चैरिटेबल डायग्नोस्टिक लैबोरेट्री की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सेवाओं से जरूरतमंदों को नो लॉस-नो प्रॉफिट आधार पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। समारोह में अपनी कक्षा में अव्वल रहे 16 मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। 42 शिक्षकों को उपवस्त्र और लेखन सामग्री भेंटकर उनके शिक्षण योगदान को नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय मीडिया प्रभारी डॉ. जितेंद्र तूर, कृष्ण कुमार कचौरिया, विनोद चुघ, सुनील लीखा, दीपक सोनी, रवींद्र मित्तल, विकास जैन, राजकुमार सुथार,रीतू शर्मा, राजेश खरोलिया, माया देवी, नवनीत कौर, नीतू शर्मा सहित गणमान्य नागरिक, अध्यापकगण और परिषद् सदस्य मौजूद रहे।

### एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान शहर के नटार रोड क्षेत्र से एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान हंसराज के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गोल डिग्गी जमाल अड्डा होते हुए गांव नटार की ओर जा रही थी। इसी दौरान पंचमुखी बालाजी गौशाला के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा था जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 32 बोर का एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# सरकार ने पार्षद किए मनोनीत पुराने कार्यकर्ताओं को तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- सिरसा व डबवाली नगर परिषद में तीन-तीन, रानियां व ऐलनाबाद में दो-दो पार्षद किए मनोनीत

हरियाणा सरकार ने गुरुवार को सिरसा नगर परिषद सहित डबवाली, ऐलनाबाद व रानियां में पार्षद मनोनीत किए हैं। सिरसा व डबवाली नगर परिषद में तीन-तीन, जबकि ऐलनाबाद व रानियां में दो-दो पार्षद मनोनीत किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सभी मनोनीत पार्षद भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं जिन्हें यह तोहफा दिया गया है। सिरसा में मनोनीत पार्षदों में वरिष्ठ भाजपा नेता रोहताश जांगड़ा की पुत्रवधु अंजू जांगड़ा शामिल है जो कि नगर परिषद के चुनाव में वार्ड नंबर 9 से चुनाव हार गई थी। इसके अलावा संदीप सिंह व सुरेश कुमार को शामिल किया गया है। सिरसा नगर परिषद में तीन मनोनीत पार्षदों के साथ ही अब नगर परिषद में पार्षदों की संख्या 35 हो गई है। मंडी डबवाली में मनोनीत किए गए पार्षदों में विकास शर्मा, सुनील कुमार व कृष्ण कुमार शामिल हैं। रानियां में प्रह्लाद चंद व राजकुमार को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा ऐलनाबाद में मनोज कुमार व नरेश कुमार को पार्षद मनोनीत किया गया है।यह सभी भाजपा के पुराने कार्यकर्ता है। सिरसा की अंजू जांगड़ा ने मार्च 2025 में निकाय चुनाव में पार्षद का चुनाव लड़ा था, जिसमें हार गई थी।

# प्रतिवर्ष सड़क हादसों में हो रही पांच लाख मौतें चिंताजनक : एसएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** अग्रसेन स्कूल में यातायात नियमों की पालना की शपथ लेते विद्यार्थी।

जिला यातायात पुलिस प्रभारी शमशेर सिंह ने कहा कि भारतवर्ष में प्रतिवर्ष सडक़ हादसों में करीब पांच लाख मौतें होती हैं जो चिंताजनक है। यातायात पुलिस द्वारा जारी यातायात संबंधी नियमों की यदि कड़ाई से पालना की जाए तो इन मौतों से आमजन को बचाया जा सकता है। एचएचओ वीरवार को महाराजा अग्रसेन स्कूल में यातायात नियमों पर आधारित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। इन नियमों में लालबत्ती होने पर उसे कतई क्रॉस न करने, कार आदि में सीट बेल्ट लगाने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनना व ट्रिपल राइडिंग न करना आवश्यक है। इतना ही नहीं मद्यपान करके वाहन नहीं चलाना चाहिए और राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलते समय अपनी ही लेन में चलना, निर्धारित गति से ही वाहन चलाना चाहिए ताकि आमजन का जीवन सुरक्षित रह सके। उन्होंने इस दौरान महाराजा अग्रसेन स्कूल, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कीर्तिनगर व राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल के सभी उपस्थित विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना करने का संकल्प भी दिलवाया। इस मौके पर जिला यातायात थाना के उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल रमेश, हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र, एसपीओ जगमीत सिंह, मंदीप सिंह भंगु व सौरभ आदि मौजूद थे।

**निरीक्षण** थाना प्रभारी स्वयं आमजन की फरियाद सुनकर करें समय से निपटारा

# एसपी ने थाने का निरीक्षण कर जब्त किए गए लावारिस वाहनों की जानकारी के साथ रिकॉर्ड रिकॉर्ड चैक किया

- निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में लावारिस और जब्त वाहनों की स्थिति का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** थाने के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते एसपी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने थाना सदर फतेहाबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं, लंबित मामलों, जन सुविधाओं एवं रिकॉर्ड प्रबंधन की गहन समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। इस अवसर पर डीएसपी फतेहाबाद जगदीश कुमार, थाना प्रभारी कुलदीप सिंह, प्रवक्ता राहुल कुमार सहित थाना पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में लावारिस और जब्त वाहनों की स्थिति का जायजा लिया तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि इन वाहनों का जल्द से जल्द विधिक निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि एक सुव्यवस्थित परिसर जनता के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है और कार्यक्षमता को बढ़ाता है। एसपी ने कहा कि थाना एक विश्वास का केन्द्र होता है, जहां आने वाले प्रत्येक नागरिक को भरोसा होना चाहिए कि उनकी बात गंभीरता से सुनी जाएगी।

उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि वे स्वयं शिकायतकर्ताओं की बात सुनें और सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति निराश होकर न लौटे। सभी शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। एसपी सिद्धांत जैन ने जोर देते हुए कहा कि पुलिस का व्यवहार संवेदनशील, सहयोगात्मक और जनसेवा भावना से युक्त होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने का मुख्य उद्देश्य जन कल्याण और समाज में सुरक्षा की भावना का विस्तार करना है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, रिकॉर्ड रजिस्टर और अपराध शाखा के कार्यों का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर कार्य पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और समयबद्धता के साथ किया जाए।

## खबर संक्षेप


फतेहाबाद। स्वामी विज्ञान प्रेमानंद से आशीर्वाद लेते पूर्व विधायक दुड़ाराम।

### गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता अनादिकाल से

**फतेहाबाद।** पूर्व संसदीय सचिव व फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा द्वारा आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत अद्वैत स्वरूप श्री विचार आश्रम मंदिर पहुंचकर स्वामी विज्ञान प्रेमानन्द महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों एवं हलकावासियों की सुख-शांति, समृद्धि व मंगलमय जीवन की कामना की। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि गुरु का स्थान हमारे जीवन में सर्वोच्च है। गुरु न केवल ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं, बल्कि वे हमें नैतिकता, सेवा और संस्कारों की राह भी दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता अनादिकाल से रही है और इस परंपरा को मजबूत करना आज की आवश्यकता है।

### गुरू प्रर्णिमा पर भगवान शिव के सवा करोड़ जाप प्रारंभ

**सिरसा।** गुरू पूर्णिमा पर बड़े हनुमान मंदिर में सवा करोड़ ओम नमः शिवाय जाप का शुभारंभ किया गया। जाप शुभारंभ से पूर्व सुबह सामुहिक रूद्राभिषेक किया गया। भक्तों ने इस आयोजन में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। भगवान भोलेनाथ की विशेष स्तुतियों द्वारा आराधना की गई। लघु रूद्राष्टाध्यायी से दूध व गंगाजल का भोले को अभिषेक करवाया गया।

### खेल मंत्री ने एथलीट विजय का किया सम्मान

**रतिया।** पंचकूला में आयोजित हरियाणा मास्टर एथलैटिक्स एसोसिएशन के सम्मान समरोह में रतिया क्षेत्र के एथलीट विजय मेहता एवं डॉ. जय भगवान को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने जिला फतेहाबाद के उपरोक्त खिलाड़ियों को सम्मानित किया। पंचकूला के पल्लवी होटल में आयोजित सम्मान समारोह से सम्मान लेकर रतिया पहुंचे उपरोक्त खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया।

### क्रेसण्ट में अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित

**फतेहाबाद।** क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में कक्षा छह के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में अभिव्यक्ति की कला, आत्मविश्वास एवं भाषायी कौशल को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण 9 जुलाई को तथा अंतिम चरण 10 जुलाई को हुआ।
विद्यार्थियों ने 'दयालुता, ईमानदारी, क्षमा ,खुशी एवं कृतज्ञता' जैसे मूल्यपरक विषयों पर भावपूर्ण कविताओं का वाचन किया। सभी प्रतिभागियों ने सुंदर वेशभूषा, उपयुक्त अभिव्यक्ति एवं मनमोहक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतियोगिता में लक्षिता ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणी ने द्वितीय स्थान तथा भव्या ने तृतीय स्थान अर्जित किया तथा वहीं नूर एवं अनुराधा को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए एवं विजयी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### टोहाना में छापेमारी से हड़कंप, टीम ने रिपोर्ट मुख्यालय भेजी

# मिल्क चिलिंग सेंटर पर सीएम फ्लाइंग की छापा, बिना लाइसेंस चल रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

क्षेत्र में मिलावटी दूध बेचे जाने की शिकायतों के बीच सीएम फ्लाइंग की टीम ने गांव बिढ़ाईखेड़ा स्थित जय श्री कृष्णा चिलिंग सेंटर पर रेड की। इस छापेमारी कार्रवाई नेतृत्व सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किया।

टीम ने यहां चिलिंग सैंटर संचालन को लेकर दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि यह सैंटर बिना उचित लाइसेंस के चल रहा था। इस कार्रवाई के दौरान फतेहाबाद जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. गौरव, एसआई जितेंद्र और एएसई चंद्रपाल भी मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार नामक व्यक्ति गांव बिढ़ाईखेड़ा में जय श्री कृष्णा चिलिंग सेंटर चलाता है। सेंटर पर दूर-दराज से दूध की


टोहाना। गांव बिढ़ाईखेड़ा में चिलिंग सैंटर पर जांच करती सीएम फ्लाइंग की टीम।

गाडियां आती हैं। यहां दूध को ठंडा कर फिर उसी गाड़ी में लोड किया जाता है। इस काम के लिए प्रति किलोग्राम के हिसाब से शुल्क लिया जाता है। सीएम फ्लाइंग को इस चिलिंग सैंटर के गैरकानूनी रूप से चलने बारे शिकायत मिली थी। इसके बाद गुरूवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने यहां छापेमारी कर रिकार्ड की जांच की। जांच में चिलिंग सैंटर संचालक राजकुमार के पास चिलिंग सेंटर का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। उसके पास केवल मोबाइल फूड वेंडर का लाइसेंस था। खाद्य सुरक्षा नियमों के विपरीत सेंटर में कोई रजिस्टर्ड रिकॉर्ड नहीं मिला। लैब अटेंडेंट भी मौजूद नहीं था। सफाई व्यवस्था भी सही नहीं पाई गई।

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने कहा कि सरकार के निर्देशों के तहत खाद्य पदार्थों से जुड़े किसी भी कार्य के लिए संबंधित विभाग से उचित लाइसेंस लेना अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति बिना लाइसेंस के या नियमों की अनदेखी करते हुए खाद्य व्यवसाय करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि खाद्य पदार्थों में मिलावट या किसी भी तरह की अनियमितता पाई जाती है, तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस छापेमारी की पूरी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


सिरसा। हवन यज्ञ में भाग लेते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## बाबा धूड़नाथ की समाधि पर गुरु पूर्णिमा पर हवन का आयोजन

चौपटा। गांव शक्कर मंदोरी में बाबा धूड़नाथ महाराज की समाधि पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया।इस मौके गदिशिन महाराज सत्यनारायण जी ने बताया कि हर गुरु पूर्णिमा पर सभी गांव के लोग एकत्रित होकर भंडारे का आयोजन करते है साथ ही लोग एक साथ बैठकर प्रशाद ग्रहण करते है साथ ही उन्होंने बताया कि इस समाधि पर सभी धर्मों के लोग अपनी मनोकामना लेकर आते है और उनकी इच्छा पूर्ण होती है।गांव के पूर्व सरपंच हरिराम सहारण ने बताया कि लगभग 80 से 90 साल पहले राजस्थान के छतरगढ़ से आकर यहां गांव में बाबा धूड़नाथ जी महाराज ने तपस्या की थी और गांव में ही उन्होंने समाधि ले ली, तब से पूरे गांव के लोगो की बड़ी माँन्याता है।आज इस मौके पर सत्यनारायण जी महाराज,शास्त्री शंकरलाल रामसरा, योगचार्य नरशी सहारण, मनीष कासनिया, सुरजीत सहारण, गोरी शंकर, सुरेंद्र कड़वासरा, सुखदेव सहारण, बिके मंदोरी, जोनी शर्मा, राकेश,सुरेंद्र, अर्जुन, शेरसिंह,सहित अन्य सेवादार व ग्रामीण मौजूद रहे।
फोटोः 10सिरसा03ः हवन यज्ञ में भाग लेते ग्रामीण।

## सिरसा : एफएम रेडियो चलाने के लिए सामुदायिक श्रोता संघ ने उठाई मांग



**सिरसा।** सामुदायिक रेडियो श्रोता संघ की बैठक संस्था के प्रधान राजीव सचदेवा की अध्यक्षता में हुई। महासचिव एडवोकेट मोहनलाल अरोड़ा ने आए हुए श्रोताओं का अभिनंदन किया। बैठक में सीडीएलयू के कुलपति तथा पत्राचार विभाग के अध्यक्ष से हुई बातचीत का ब्यौरा बैठक में रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। पूर्व प्रधान अवतार सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. विजय कुमार ने एफएम रेडियो को फिर से लोकप्रिय बनाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने विभाग से विचार-विमर्श करके एक माह के अंदर इसे अच्छे ढंग से प्रसारण योग्य बनाने का निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संघ का आह्वान किया कि रेडियो के प्रसारण के लिए एंकर तथा मेहमानों को लाने तथा उनका इंटरव्यू आदि लेने का श्रोता संघ को प्रबंध करना चाहिए। बैठक में संघ ने कुलपति के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के 90.4 एफएम रेडियो को ज्ञानवर्धक, मनोरंजन, आपसी मेल मिलाप व शिक्षा में सिरमौर बनाने में हर एक श्रोता को मिलकर आगे आना चाहिए। इस अवसर पर अनंत कुमार भारी, सतनाम सिंह धनुर, दिनेश शर्मा, सुरेश ग्रोवर, महेंद्र सिंह आदि श्रोतागण मौजूद थे।

# सरकार ने 12 भाजपा नेताओं को पार्षद मनोनीत किया

- फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भूना व जाखल के नेताओं को मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले की फतेहाबाद व टोहाना नगरपरिषद के अलावा रतिया, भूना व जाखल मण्डी नगरपालिकाओं के लिए प्रदेश सरकार ने मनोनीत पार्षदों की घोषणा कर दी है। प्रदेश सरकार ने जिले में 12 भाजपा नेताओं को पार्षद मनोनीत किया है। इन पार्षदों की नियुक्ति के बाद से जिलेभर के कार्यकर्ताओं में भी खुशी का माहौल है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही जहां जनपरिवाद समिति के सदस्यों की घोषणा के अलावा जिला कार्यकारिणी की घोषणा में भी बीजेपी कार्यकर्ताओं को एडजस्ट किया गया था।


**भूना।** सरकार द्वारा मनोनीत पार्षद पूनम सिंगला व जम्मू राम कंबोज।

फतेहाबाद व टोहाना नगर परिषद में तीन-तीन जबकि रतिया, भूना व जाखल मंडी नगरपालिका में दो-दो मनोनीत पार्षद बनाए गए हैं। गौरतलब है कि नगर निकायों में चुने हुए पार्षदों के अतिरिक्त मनोनीत पार्षद भी नियुक्त किए जाते हैं। इन मनोनीत पार्षदों के पास हाउस की मीटिंग में भाग लेने से लेकर विकास कार्यों में अहम भूमिका निभाने तक का अधिकार होता है। फतेहाबाद नगरपरिषद में वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश नायक, सीताराम, भारती सचदेवा को पार्षद मनोनीत किया गया है वहीं टोहाना नगर परिषद में सुभाष गर्ग, तिलकराज भाटिया और ललित मोहन शर्मा को मनोनीत पार्षद बनाया गया है। इसके अतिरिक्त रतिया नगरपालिका में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुखविंदर गोयल और पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा के भतीजे सुखविंदर सिंह उर्फ बिंदर तथा जाखल मंडी नगरपालिका में तरसेम सिंगला व लोकेश गौड़ को पार्षद मनोनीत किया गया है।

### मुख्यमंत्री व अन्य नेताओं का आभार जताया

नगर पालिका भूना में दो मनोनीत पार्षदों की सूची जारी हुई। भाजपा नेत्री पूनम सिंगला और मोहल्ला कंबोज के जम्मू राम को पार्षद पद की जिम्मेवारी दी गई है। पूनम सिंगला को दो दिन पहले ही फतेहाबाद जिला संगठन में सचिव बनाया गया था। चार दिन पहले उन्हें कष्ट निवारण समिति का सदस्य भी नियुक्त किया गया था। पूनम सिंगला ने कहा कि यह पार्टी संगठन के प्रति उनकी मेहनत का फल है। पार्टी ने एक साधारण कार्यकर्ता को बड़ा सम्मान दिया है, जिसे वह कभी नहीं भूलेंगी। जम्मू राम को पार्षद मनोनीत किया गया है। नगर पालिका के वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी ने बताया कि दोनों पार्षदों का चयन पूर्व विधायक दुड़ाराम और जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा के मार्गदर्शन में हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और संगठन के शीर्ष नेताओं का आभार जताया।

## शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेंद्र सिंह बैनीवाल ने गुरूवार को फतेहाबाद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहर में चल रहे राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अलावा गांव बड़ोपल व धांगड़ के स्कूलों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक ने स्कूल में डिजिटल तकनीकी के प्रयोग की


**फतेहाबाद।** स्कूलों का निरीक्षण करते संयुक्त निदेशक।

जानकारी ली। निदेशक ने जाना कि डिजिटल बोर्ड के माध्यम से स्टूडेंट्स को पढ़ाया जा रहा है या नहीं। इसके अतिरिक्त टीचर्स द्वारा पढ़ाई करवाने के समय डिजिटल तकनीकों का कितना प्रयोग हो रहा है। ज्वाइंट डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह ने अपने निरीक्षण में पाया कि जिले के विद्यालयों में 80 फीसदी डिजिटल बोर्ड यूज हो रहे हैं। जब लाइट नहीं होती है, उस स्थिति में डिजिटल बोर्ड का प्रयोग नहीं हो पाता है। बाकी समय में टीचर डिजिटल बोर्ड के जरिए ही पढ़ाई करवाते हैं। इसके अलावा स्कूलों में डिजिटल बोर्ड का ब्लैक बोर्ड की तरह प्रयोग हो रहा है जो कि गलत है। उन्होंने शिक्षकों को

# शिक्षाविद् विजय निर्मोही का किया सम्मान

- शिक्षा क्षेत्र में योगदान पर गुरु पूर्णिमा पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर और पायनियर कॉन्वेंट स्कूल, फतेहाबाद के प्रबंध निदेशक, निजी शिक्षा क्षेत्र में सीनियर मोस्ट व प्रसिद्ध शिक्षाविद् विजय निर्मोही के अटूट समर्पण और अथक प्रयासों को भारतीय जनता पार्टी महिला विंग की चेयरपर्सन डॉ. सुमन बजाज की अध्यक्षता में व सुमन खिचड़,



**फतेहाबाद।** गुरू पूर्णिमा पर शिक्षाविद् विजय निर्मोही को सम्मानित करते हुए।

चेयरपर्सन जिला परिषद फतेहाबाद ने बतौर मुख्य अतिथि व पूरी टीम के साथ सम्मानित किया।

फतेहाबाद में शिक्षा के क्षेत्र में 47 वर्षों से अधिक की सराहनीय सेवा के साथ विजय निर्मोही अनगिनत छात्रों, शिक्षकों और शिक्षा समुदाय के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने हुए हैं। गुरु पूर्णिमा के पवित्र दिन अतिथियों और विद्यालय प्रशासन ने विजय निर्मोही के फतेहाबाद में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अपनी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया। ज्ञान प्रदान करने और युवा दिमागों को आकार देने के लिए उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में प्रशंसनीय रही है और उनकी विरासत भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। यह आयोजन इस बात का प्रमाण था कि विजय निर्मोही जैसे शिक्षकों की निस्वार्थ सेवा को पहचानना और सम्मानित करना कितना महत्वपूर्ण है, जिन्होंने अपने जीवन को शिक्षा के महान उद्देश्य के लिए समर्पित कर दिया है। इस अवसर पर सुभाष खिचड़, अध्यक्ष पंचायती राज प्रकोष्ठ ने कहा कि स्वर्गीय कैलाश चंद्र रुखाया ने अपना पूरा जीवन शिक्षा को समर्पित किया।

# एचएसजीपीसी में सरकार दखलअंदाजी न करें

- प्रधान के सही चुनाव करवाए सरकार, दादूवाल के हस्तक्षेप पर रोक लगाए सरकार : मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में चल रही खींचतान में सरकार दखलअंदाजी ना करें, इसको लेकर अकाल पंथक मोर्चा के सदस्य वीरवार को गुरुद्वारा श्री दसवीं पातशाही में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि एक लंबी लड़ाई के बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव हुए जिसमें निष्पक्ष सदस्य चुने गए


**सिरसा।** मीडिया से बातचीत करते अकाल पंथक मोर्चा के सदस्य।

लेकिन जब बात प्रधान की आई तो बिना किसी चुनाव के, मनमर्जी से प्रधान थोप दिया, जो सिख समाज को मंजूर नहीं है। हमें उम्मीद थी कि अब हरियाणा के गुरुद्वारों की सहीं ढंग से देखभाल होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कमेटी के सदस्यों ने धर्म प्रचारक बलजीत सिंह दादूवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी ऑडिट की बात आती हैं तो इसमें दादूवाल हस्तक्षेप करते हैं, जो कि ग़लत है। इस पर सरकार को रोक लगानी चाहिए, क्योंकि अगर ऐसे लोग इंटरफेयर करेंगे तो फिर गुरुद्वारा का कार्य कैसे होगा। उन्होंने कहा कि अगर संविधान के अनुसार प्रधान के लिए सही चुनाव होता या फिर बहुमत से प्रधान चुना जाता तो हम इसे स्वीकार भी करते। सदस्यों ने साफ कहा कि कमेटी को चलाने के लिए सरकार को निष्पक्ष प्रधान नियुक्त करना चाहिए। लोकतांत्रिक प्रणाली में सभी की राय जरूरी है, न कि किसी एकपक्षीय फैसले को थोपा जाए। कमेटी सदस्यों ने पत्रकार वार्ता से पूर्व की गई बैठक को मीडिया से सांझा किया।

## अंग्रेजी में फेल किए जाने से बीए फाइनल के छात्रों में रोष, प्रिंसिपल से की आंसर शीट की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर के भुना रोड स्थित आईजी कॉलेज में बीए अंतिम वर्ष के छठे सेमेस्टर के स्टूडेंट को फेल करने का मामला सामने आया है। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा करीबन चार दिन पहले घोषित परीक्षा परिणाम में कई स्टूडेंट को अंग्रेजी विषय में फेल कर दिया गया है। इस मामले में खफा विद्यार्थी आज कॉलेज प्रिंसिपल वीपी सिंह से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपकर आंसर शीटों की दोबारा जांच करवाए जाने की मांग की। स्टूडेंट का आरोप है कि विश्वविद्यालय ने कई विद्यार्थियों को अनुचित रूप से


**टोहाना।** ज्ञापन सौंपते हुए छात्र।

गैरमौजूद भी दर्शाया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में स्टूडेंट ने कॉलेज प्रिंसिपल वीपी सिंह को ज्ञापन सौंपा है। सीमा, अंजलि, सोनम, ममता, पम्मी, प्रीती, पिंकी, रिंकू और पूजा सहित कई स्टूडेंट का कहना है कि उनके नंबर बिना किसी कारण के काटे गए हैं। स्टूडेंट ने उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच की मांग की है, जिससे उन्हें सही परिणाम मिल सके। विद्यार्थियों ने कहा कि यूनिवर्सिटी द्वारा बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है यदि उनकी मांग को दो दिन में पूरा नहीं किया गया, तो वे कॉलेज में प्रदर्शन करेंगे।

## पुलिस कर्मचारी से धक्कामुक्की करने का चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस कर्मचारी से धक्का मुक्की कर उसका गला पकडऩे और गाली-गलौच करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अभिषेक कुमार पुत्र राजीव कुमार निवासी वार्ड नं. 14, रतिया के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर रतिया


**रतिया।** पुलिस की गिरफ्त में पुलिस कर्मचारी से धक्कामुक्की का आरोपी।

प्रभारी उप-निरीक्षक रणजीत ने बताया कि 30 जनवरी को सुरक्षा अधिकारी ईएसआई कमल सिंह गुप्ता ड्यूटी पर थे। लगभग चार बजे उन्हें सूचना मिली कि देवीलाल मार्केट, मंगला स्टोर के पास दो पक्षों में झगड़ा हो रहा है। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि लगभग 8-10 युवक एवं एक युवती सडक़ पर हुड़दंग मचा रहे थे, जिससे आमजन का आवागमन बाधित हो रहा था।

सुरक्षा अधिकारी ने स्थिति का वीडियो रिकॉर्ड करना शुरू किया तो उपद्रवियों ने उनका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की और सरकारी कार्य में बाधा डाली।

### समाधान शिविर में पहुंचे प्रोपर्टी डीलर

# रजिस्ट्री में तहसीलदार की मौजूदगी की शर्त हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री करवाने में पिछले कई दिनों से हो रही असुविधा को लेकर प्रोपर्टी डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारी वीरवार को अपनी शिकायत लेकर समाधान शिविर में पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रोपर्टी डीलर एसोसिएशन के प्रधान डीपी यादव ने किया। डीलरों ने जिला प्रशासन से रजिस्ट्री प्रक्रिया को


फतेहाबाद। समाधान शिविर में शिकायत करते जाते प्रोपर्टी डीलर।

आसान और तेज बनाने और ई-दिशा केन्द्र में व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग की। डीलरों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो वह इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी मिलेंगे। डीपी यादव ने कहा कि फतेहाबाद में हर रजिस्ट्री के दौरान ई-दिशा केंद्र में तहसीलदार की मौजूदगी की शर्त आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। इससे न केवल रजिस्ट्री करवाने आए लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, बल्कि समय पर रजिस्ट्री न होने से कई बार लोग खाली हाथ लौटने को मजबूर हो जाते है। तहसीलदार के अन्य कामों में व्यस्त होने के शरण अधिकतर समय तहसीलदार उपस्थित नही रहते है, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### रजिस्ट्री में रेवेन्यू मिल रहा, सुविधा भी मिले

प्रधान डीपी यादव ने कहा कि यदि समय रहते जिला प्रशासन के स्तर पर समाधान नहीं हुआ तो सीएम नायब सैनी से मिलकर भी समस्या रखेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की भी यही मांग है कि जब रजिस्ट्री करवाने पर सरकार को रेवेन्यू दिया जाता है, तो फिर सुविधा भी मिलनी चाहिए।